बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 283/2024

स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (द्वितीय) का प्रवेश पत्र निर्गत करने तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (द्वितीय) में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार एवं अन्य सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (द्वितीय) **दिनांक 23.08.2024 से 26.08.2024 तक** CBT के माध्यम से आयोजित की जानी है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जिन शिक्षक आवेदकों का आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से उनके जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के माध्यम से समिति को प्राप्त हुआ है, वैसे शिक्षक अभ्यर्थियों का **प्रवेश पत्र** समिति की वेबसाईट **https://www.bsebsakshamta.com** पर **दिनांक 16.08.2024 के अपराह्न में** अपलोड कर दिया जायेगा।

2. शिक्षक अभ्यर्थी अपने लॉगिन आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड/प्रिंट करने के उपरांत उसे अपने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) से प्रतिहस्ताक्षरित करायेंगे। बिना जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के प्रतिहस्ताक्षर के प्रवेश पत्र मान्य नहीं होगा तथा उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3. आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे प्रवेश पत्र में अंकित तिथि/समय/परीक्षा केन्द्र अनुसार ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंगे। उन्हें यह भी परामर्श दिया जाता है कि वे प्रवेश पत्र में अंकित दिशा–निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा उसका पालन करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

Follow @ @officialbseb @officialbseb @officialbseb biharschoolexaminationboard